बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)
<u>आदेश</u>

पटना, दिनांक ....

संख्या–08 / आ०–05–13 / 2021....................... / प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक–381 दिनांक 03.06.2021 द्वारा ट्रैप केस के मामले में काराधीन होने के कारण श्री संजय कुमार, तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बिथान, समस्तीपुर को दिनांक 24.03.2021 के प्रभाव से निलंबित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय, पटना के CR/MISC No–19427 / 2022 में दिनांक 11.05.2022 को पारित आदेश के आलोक में दिनांक 17.05.2022 को जमानत पर रिहा हुए। श्री कुमार द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20.05.2022 के माध्यम से योगदान किया गया। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक 513 दिनांक 30.06.2022 द्वारा श्री कुमार के द्वारा दिनांक 20.05.2022 को दिये गये योगदान को स्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(1) के तहत दिनांक 17.05.2022 के प्रभाव से उन्हें पुनः निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली का कार्यालय निर्धारित किया गया। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक 336 दिनांक–06.05.2022 द्वारा श्री कुमार को अनुशासनिक कार्यवाही के अधीन किया गया। श्री कुमार दिनांक–28.02.2026 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

अतः श्री संजय कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि–28.02.2026 के प्रभाव से निलंबन मुक्त किया जाता है। श्री कुमार के पूर्ण सेवांत लाभ के भुगतान के संबंध में निर्णय अनुशासनिक कार्यवाही के निष्पादन के उपरांत लिया जायेगा, जिसका भुगतान उनके अंतिम पदस्थापित प्रखंड, बिथान, समस्तीपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद से किया जा जाएगा।

प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश ज्ञापांक–336 दिनांक–06.05.2022 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध संचालित अनुशासनिक कार्यवाही पूर्ववत् चलती रहेगी।

ह० / –

(विक्रम विरकर)
निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)

(5)

ज्ञापांक 08/आ०–05–13/2021.......-375 पटना, दिनांक 18.03.2026

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–17(पेंशन शाखा)/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक–सह–संचालन पदाधिकारी, सारण प्रमंडल, छपरा/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–उपस्थापन पदाधिकारी, समस्तीपुर/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्था०), समस्तीपुर/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली/उप कोषागार पदाधिकारी/श्री संजय कुमार, तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बिथान, समस्तीपुर–सम्प्रति–सेवानिवृत्त, निर्धारित मुख्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, वैशाली/आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/03/26

निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)